न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 146 तारीख 9-5-2022

01. कमलेश कुमार पुत्र शंकरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

............प्रार्थी

बनाम

01. छीतर पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. मांगीलाल पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
03. जगदीश पुत्र नाथू जाति तेली उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
04. प्रभू पुत्र नाथू जाति तेली उम्र वयस्क निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
05. कन्हैयालाल पुत्र जयलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

.............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :– दिनांकः 9-5-2022

प्रार्थना पत्र कमलेश कुमार पुत्र शंकरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थड़ौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.) ने जरिये अभिभाषक **श्री घनश्यामलाल धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा थडौदा पटवार हल्का थडौदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 42 पर अंकित आराजी संख्या 1372/1210 रकबा 0.2833 हैक्टेयर, एवं खाता संख्या 43 पर अंकित आराजी संख्या 1211, 1212, 1213 कुल किता 03 रकबा 0.4614 हैक्टेयर भूमि सामलाती** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलिया खुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा थडौदा पटवार हल्का थडौदा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 42 पर अंकित आराजी संख्या 1372/1210 रकबा 0.2833 हैक्टेयर, एवं खाता संख्या 43 पर अंकित आराजी संख्या 1211, 1212, 1213 कुल किता 03 रकबा 0.4614 हैक्टेयर भूमि सामलाती** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा